# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS



**Dr. Manoj Jain**
Director

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 11 October 2022

पुलिस | PATWAR

HIGH COURT | रैलवे (JE, Group-D, TC, RPF)

BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)

शिक्षक (I<sup></sup>st ग्रेड) | REET (I, II Level)



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 11 अक्टूबर का इतिहास

- **1911 :** विवेकानन्द की सहयोगी तथा शिक्षिका तथा समाज सेविका सिस्टर निवेदिता का निधन हुआ।
- **1889 :** प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक और शिक्षाविद मगन भाई देसाई का जन्म हुआ।
- **1987 :** भारत की शांति सेना ने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन की शुरूआत की। यह अभियान लिट्टे का कब्जा खत्म कर जाफना को मुक्त कराने के लिए छेड़ा गया था।
- **1737 :** कलकत्ता में सबसे खतरनाक चक्रवात तूफान आया।

## 11 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भारत निर्वाचन आयोग ने अपना राष्ट्रीय आइकन घोषित किया है। चुनाव में मतदान की जागरूकता को लेकर निवार्चन आयोग ने ये फैसला लिया है। भारत निर्वाचन आयोग ऑल इंडिया रेडियो के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसे मतदाता जंक्शन नाम दिया गया है। यह प्रत्येक शुक्रवार को 15 मिनट के लिए प्रसारित किया जाएगा। इसके कुल 52 एपिसोड विविध भारती स्टेशनों और आकाशवाणी के अन्य प्राथमिक रेडियो चैनलों पर प्रसारित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम 23 भाओं में 230 आकाशवाणी चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा।
- युनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस पर रूपे क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर 2000 रूपये तक के लेनदेन पर कोई शुल्क नही लगेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के एक हालिया सर्कुलर में यह निर्देश दिया गया है। रूपे क्रेडिट कार्ड पिछले चार साल से परिचालन में है और सभी प्रमुख बैंक इससे जुड़े हुए हैं। ऐप पर क्रेडिट कार्ड को जोड़ने और यूपीआई पिन बनाने की प्रक्रिया में सभी प्रकार के लेनदेन में क्रेडिट कार्ड को सक्षम करने के लिए ग्राहक की सहमति जरूरी हैं। एनपीसीआई ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए ऐप की मौजूदा प्रक्रिया क्रेडिट कार्ड पर भी लागू होगी।
- विश्व बैंक ने अपनी दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान को 7.5% से घटाकर 6.5% कर दिया है। विश्व बैंक ने तीसरी बार भारत के विकास के अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। इससे पहले विश्व बैंक ने जून में अपने पूर्वानुमान को घटाकर 7.5% कर दिया था।
- वित्तीय सेवा विभाग ने विमानन क्षेत्र के लिए ऋण सीमा 400 रूपये करोड़ से बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपये कर दी है। संशोधित ईसीएलजीएस 3.0 के तहत संदर्भ तिथियों के अनुसार एयरलाइन कंपनियों की पात्रता उनकी निधि-आधारित या गैर-निधि आधारित ऋण का 100 प्रतिशत या 1500 करोड़ रूपये जो भी कम हो का प्रावधान किया गया है। मालिकों द्वारा इक्विटी योगदान के आधार पर 500 करोड़ रूपये पर विचार किया जाएगा।
- यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप की मंत्रिस्तरीय वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संयुक्त राज्य अमेरिका की ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम के साथ इस वार्ता की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं। यह वार्ता 6 से 11 अक्टूबर के दौरान वाशिंगटन डीसी और ह्यूस्टन में एक आधिकारिक तथा व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है। इस दौरान जलवायु अनुकुल शहरी अवसंरचना पर विश्व बैंक के अधिकारियों के साथ बातचीत होगी। केंद्रीय मंत्री वाशिंगटन डीसी में यूएसए इंडिया बिजनेस काउंसिल और ह्यूस्टन में यूएसए इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ दो कार्यकारी गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इसके अलावा अमेरिका स्थित ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श भी किया जाएगा।
- दिल्ली सरकार ने एक महीने का धूल विरोधी अभियान शुरू किया है। निर्माण स्थलों पर प्रदूषण मानदंडों के अनुपालन की जांच के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। शहर भर में निर्माण स्थलों पर धूल प्रदूषण की जांच के लिए 586 टीमों का गठन किया गया है। टीमें निर्माण स्थलों पर औचक निरीक्षण करेंगी। 10,000 वर्गमीटर से बड़े निर्माण स्थलों में दो एंटी-स्मॉग गन होनी चाहिए और 15000 वर्गमीटर से बड़े स्थलों पर तीन एंटी-स्मॉग गन होनी चाहिए।
- विद्युत मंत्रालय उन संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति में कटौती करने पर विचार कर रहा है जो बायोमास को-फायरिंग मानदंडों का पालन नही करते हैं। विद्युत मंत्रालय ने अक्टूबर 2021 में सभी ताप विद्युत संयंत्रों को अक्टूबर 2022 तक 5% को-फायरिंग अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। बायोमास को-फायरिंग कोयला थर्मल संयंत्रों में बायोमास के साथ ईंधन के एक हिस्से को प्रतिस्थापित करने की विधि है।
- दुबई के जेबेल अली गांव में भारतीय और अरबी वास्तुकला के मिले-जुले स्वरूप वाले एक भव्य हिंदू मंदिर को जनता के लिए खोल दिया गया है। इसे सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के एक मजबूत संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के श्रृद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए गए।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस (International Girl Child Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 अक्टूबर (B) 12 अक्टूबर
(C) 13 अक्टूबर (D) 14 अक्टूबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 11 अक्टूबर को पूरे विश्व में स्त्री सम्मान को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल विश्व की सभी महिलाओं को पुरूष के बराबर की समानता और समाज में प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए शुरू किया गया।




**2. स्तर कैंसर जागरूकता माह (Breast Cancer Awareness Month) प्रतिवर्ष कब से कब तक मनाया जाता है ?**

(A) 1 से 30 अक्टूबर तक (B) 1 से 31 अक्टूबर तक
(C) 2 से 31 अक्टूबर तक (D) 3 से 28 अक्टूबर तक

**(B)** हर साल स्तन कैंसर जागरूकता माह अक्टूबर के महीने में 1 से 31 अक्टूबर तक मनाया जाता है। वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके कारण, रोकथाम, निदान, उपचार और इलाज में अनुसंधान के लिए धन जुटाना है।




**3. 2029 एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) सऊदी अरब (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) श्रीलंका (D) दक्षिण अफ्रीका

**(A)** 2029 एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी सऊदी अरब करेगा। एशिया की ओलंपिक परिषद को सऊदी उम्मीदवार को चुना जो ट्रोजेना पर केंद्रित है जिसे 2026 तक साल भर स्की रिसॉर्ट बनाने की योजना है। सऊदी अरब के रेगिस्तान और जल्द ही शीतकालीन खेलों के लिए एक खेल का मैदान होगा।



**4. हाल ही में किस राज्य में पहली बार पीएसी बटालियन का गठन किया गया ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) गुजरात
(C) तेलंगाना (D) उत्तरप्रदेश

**(D)** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शक्ति को प्रदेश की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है। इसकी के तहत मुख्यमंत्री योगी ने पीएसी की तीन महिला बटालियन के गठन की घोषणा की है, जिस पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। वहीं प्रदेश के सभी 1584 थानों पर महिला बीट आरक्षी को नियुक्त करते हुए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।



**5. हाल ही में फायर बोल्ट ने किसे अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ?**

(A) कृति सेनन (B) दीपिका पादुकोण
(C) कियारा आडवाणी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** फायर-बोल्ट ब्रांड ने कियारा आडवाणी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। आडवाणी विराट कोहली और विक्की कौशल के साथ ब्रांड के मार्केटिंग अभियानों का हिस्सा लेंगे। अभिनेत्री ब्रांड के लिए अलग-अलग मार्केटिंग, विज्ञापनों और विज्ञापन अभियानों में भाग लेंगी।



**6. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने गति शक्ति पोर्टल लॉन्च किया ?**

(A) गुजरात (B) पंजाब
(C) उत्तर प्रदेश (D) तेलंगाना

**(A)** हाल ही में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात गति शक्ति पोर्टल लॉन्च किया है। गुजरात राज्य स्तर पर गति शक्ति पोर्टल शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है। पोर्टल शासन में अधिक पारदर्शिता लाएगा और निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस प्रदान करेगा। गति शक्ति गुजरात पोर्टल 21 राज्य सरकार के विभागों और 52 उप-विभागों के डेटा की 500 से अधिक परतों को एकीकृत करेगा।




**7. संयुक्त राज्य अमेरिका किस देश के साथ मिलकर KAMANDAG नौसैनिक अभ्यास कर रहा है ?**

(A) वियतनाम (B) ताइवान
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) फिलीपींस

**(D)** हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका और फिलीपींस के सशस्त्र बलों ने दो सप्ताह के संयुक्त नौसैनिक अभ्यास KAMANDAG का शुभारंभ किया। KAMANDAG अभ्यास दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए 14 अक्टूबर 2022 तक किया जाएगा।



**8. लासा फीवर किसके कारण होता है ?**

(A) कवक (B) बैक्टीरिया
(C) वायरस (D) प्रोटोजोआ

**(C)** हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार 2070 तक जलवायु परिवर्तन पश्चिम से पूर्वी अफ्रीका में लासा फीवर के प्रसार में सहायता कर सकता है। लासा फीवर एक वायरल रोग है जो लासा वायरस के कारण होता है। लासा वायरस एरेनावायरस परिवार का सदस्य है। मनुष्य आमतौर पर संक्रमित मास्टोमिस चूहों से दूषित भोजन या घरेलू सामान के संपर्क में आने से इस वायरस से संक्रमित हो जाते हैं।



**9. हाल ही में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने किसे सर्वश्रेष्ठ पुरूष गोलकीपर चुना है?**

(A) पी आर श्रीजेश (B) कृष्ण बी पाठक
(C) सूरज करकेरा (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने पीआर श्रीजेश सर्वश्रेष्ठ पुरूष गोलकीपर चुना है। पीआर श्रीजेश बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में सभी छह मैच भी खेले जहां भारत ने रजत पदक जीता। श्रीजेश ने भारत के लिए 250 मैच भी पूरे किए, यह आंकड़ा हासिल करने वाले आठवें भारतीय और ऐसा करने वाले एकमात्र गोलकीपर बन गए।




**10. समूह गीत चकरी का संबंध किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से है ?**

(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) जम्मू-कश्मीर (D) उत्तराखंड

**(C)** चकरी एक समूह गीत है जो कश्मीर के लोक संगीत का सबसे लोकप्रिय रूप है। यह नट, रबाब, सारंगी और तुम्बकनरी के साथ गाया जाता है। इसका विषय मूल रूप से शादियों में गाई जाने वाली परियों की कहानियों पर आधारित है। चकरी नृत्य राजस्थान की कंजर जनजाति के सबसे लोकप्रिय लोक नृत्यों में से एक है।

